हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026



# डोंगरगढ़- कटघोरा रेलवे लाइन के लिए नहीं मिला फंड, अधर में बड़ी परियोजना

**स्वीकृति के नौ साल बाद भी केंद्रीय बजट में राशि जारी नहीं, संसदीय क्षेत्र के तीन जिलों से गुजरनी है रेल लाइन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्रीय आम बजट में डोंगरगढ़ से कवर्धा होते हुए कटघोरा तक प्रस्तावित रेल लाइन के लिए फूटी कौड़ी का फंड जारी नहीं किए जाने से एक बार फिर लोगों को मायूसी हाथ लगी है। वहीं इस परियोजना को लेकर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे हैं। 2018 में स्वीकृत इस परियोजना को लेकर बजट में कोई फंड जारी नहीं किए जाने से ऐसी आशंका जताई जा रही है कि रेलवे मंत्रालय ने इस प्रस्तावित रेल लाइन को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत वर्तमान में 4 बड़ी रेल परियोजनाओं का काम चल रहा है और इन बड़ी रेल परियोजनाओं में डोंगरगढ़, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई होते हुए कवर्धा और वहां से कटघोरा तक रेल लाइन का कोई जिक्र नहीं होने से परियोजना के अधर में पड़े होने की संभावना नजर आ रही है। जबकि इसके लिए बड़ी राशि स्वीकृत हो चुकी है।

### स्वीकृति के बाद फंड नहीं

केंद्र सरकार द्वारा अपनी बड़ी परियोजनाओं में इसे शामिल किया गया था और इसके लिए बजट में राशि भी स्वीकृत हुई थी, किन्तु इसके बावजूद रेल लाइन बिछाने से संबंधित कोई भी योजना अब तक सतह पर नहीं आ सकी है। जबकि गुड्स गाड़ियों के लिए कई करोड़ की परियोजनाएं राज्य में चल रही है। इस साल डोंगरगढ़ से कटघोरा तक रेल लाइन निर्माण को लेकर फंड के जारी होने की उम्मीद जगी थी, लेकिन अब तक इसके निर्माण को लेकर कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है।



### 2018 में मिली थी मंजूरी

सीएम विष्णुदेव साय ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर प्रदेश की रेल परियोजनाओं पर चर्चा की थी, लेकिन डोंगरगढ़-कटघोरा नई लाइन का कार्य जमीनी स्तर पर भी कब शुरू होगा, इस पर डेडलाइन निकलकर सामने नहीं आई, जब सितंबर 2018 में केंद्र सरकार ने लगभग 294.5 किमी लंबी ब्रॉड-गेज इलेक्ट्रिफाइड रेल लाइन को मंजूरी दी। प्रोजेक्ट की लागत लगभग 6000 करोड़ रुपए तय की गई। अब इसकी लागत भी तीन गुना बढ़ गई है।

### 300 किमी बिछनी है रेल लाइन

अविभाजित जिले में रेल सुविधाओं का विस्तार किए जाने की कड़ी में डोंगरगढ़ से कवर्धा होते हुए कटघोरा तक तक 300 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाने के लिए सर्वे हुआ था। उक्त सर्वे के दौरान 22 रेलवे स्टेशनों का निर्माण होना है। इसके सर्वे होने के बाद कटघोरावासियों में भी रेल सुविधा की उम्मीद जग गई थी। उक्त रेल मार्ग से सवारी गाड़ियां ही चलाए जाने का प्रस्ताव था। अब तक कोरबा रेलवे स्टेशन से ही सवारी गाड़ियां चलती है। कटघोरा से सवारी गाड़ी की शुरुआत होने से कटघोरा भी रेल सुविधाओं से जुड़ जाता। इस परियोजना में पहले निजी सेक्टर को जोड़ा गया था, लेकिन बाद में रेल मंत्रालय ने अपने स्तर पर ही इस रेल लाइन को बिछाने के लिए मंजूरी दी थी।

**खबर संक्षेप**

### भाजपा आज मनाएगी उपाध्याय की पुण्यतिथि



राजनांदगांव। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला भाजपा कल 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि "समर्पण दिवस" के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में दोपहर 12 बजे श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। एकात्म मानववाद के प्रणेता, अंत्योदय के अग्रदूत तथा राष्ट्र सेवा के प्रेरणास्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए मार्गदर्शक हैं। इस अवसर पर उनके आदर्शों को स्मरण करते सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रहित का संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में खूबचंद पारख अपने विचार रखेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, कार्यक्रम प्रभारी रवि सिन्हा, सह प्रभारी आभा तिवारी ने सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिकों से उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने का आह्वान किया।

## खेती के लिए 97 हजार किसानों ने लिया था 469 रुपए का कर्ज

# धान बेचकर 63 हजार किसानों ने चुकाया 432 करोड़ कर्ज, 37 करोड़ वसूली बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस खरीफ सीजन की सरकारी धान खरीदी अब समाप्त हो गई है। जिला में 124100 किसानों से 1938 करोड़ रुपए का लगभग 62.54 लाख क्विंटल धान खरीदा गया है। इसमें अधिकांश किसानों को एमएसपी राशि का भुगतान कर दिया गया है।

वहीं कर्ज लेने वाले किसानों से लिंकिंग के जरिये कर्ज की वसूली भी कर ली गई है। जिले में 97 हजार किसानों ने 469 करोड़ रुपए का ऋण लिया था। जिसमें से अब तक 432 करोड़ रुपए की वसूली कर ली गई है। हालांकि अब भी 37 करोड़ ऋण की वसूली बाकी है, शेष किसानों के पास अब कर्ज चुकाने के लिए 31 मार्च तक का समय शेष है। इस अवधि तक कर्ज नहीं चुकाने वाले किसानों को डिफाल्टर सूची में डाल दिया जाता है।

उल्लेखनीय है कि अंचल सहित प्रदेशभर में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान धान खरीदी के साथ-साथ सहकारी बैंकों से लिए गए कृषि ऋण की वसूली भी तेजी से की गई है। हालिया आंकड़ों के अनुसार धान बेचने के बाद बड़ी संख्या में किसानों ने अपना लोन चुकाया है। अब जिन किसानों से वसूली बाकी है, उनसे मार्च अंत तक वसूली की जाएगी।

**खास बातें**

- किसानों के पास कर्ज चुकाने के लिए 31 मार्च तक का समय
- धान बेचने वाले किसानों से सीधे लिंकिंग के जरिये की गई वसूली



### 382 करोड़ रुपए नगद बांटे

सहकारी बैंक के जरिये किसानों को दो तरह से ऋण दिया जाता है। इनमें नगद और वस्तु ऋण शामिल है। पिछले खरीफ सीजन में किसानों ने कुल 382.96 करोड़ रुपए का नगद ऋण लिया है। वहीं 86.83 करोड़ रुपए का वस्तु ऋण किसानों को वितरित किया गया है। वस्तु में खाद-बीज शामिल है। जिले में कुल 97113 किसानों ने 74 समितियों के जरिये खेती के लिए कर्ज लिया है।

### अंतर की राशि का हो रहा अब इंतजार

जिला सहकारी बैंक के जरिये किसानों को धान बेचने के बाद एमएसपी राशि का भुगतान किया जा रहा है। जबकि शेष अंतर ही राशि के लिए किसानों को कुछ दिन का इंतजार करना पड़ सकता है। जिले में 124100 किसानों से 6254837 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। 31 सौ कीमत के अनुसार 1938.99 करोड़ रुपए का भुगतान होना है, इनमें 731 रुपए अंतर की राशि यानि लगभग 457.22 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों को बाद में किया जाएगा। वहीं एमएसपी राशि का लगभग 1490 करोड़ का भुगतान पहले किया जा रहा है।

### प्रति एकड़ दो लाख का ऋण

छत्तीसगढ़ में खेती करने वाले किसानों को हर रबी एवं खरीफ सीजन धान सहित अन्य फसल की खेती के लिए सहकारी बैंकों के माध्यम से अल्पकालीन कृषि ऋण दिया जा जाता है। बीते खरीफ सीजन में किसानों को प्रति एकड़ धान की खेती के लिए दो लाख रुपए का लोन दिया गया है। इनमें 60 फीसदी नगद एवं 40 प्रतिशत वस्तु ऋण देने का प्रावधान है।

# मोहड़ गोली कांड के फरार दो आरोपियों की संपत्ति होगी राजसात

- फरार दो आरोपियों को 16 मार्च तक न्यायालय में उपस्थित होने के आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहड़ में शिवनाथ नदी के किनारे रेत निकालने के प्रयास के दौरान ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज करने एवं फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिसमें कुछ आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए थे। वहीं दो आरोपी फरार चल रहे हैं। इस मामले में अब फरार आरोपियों को 16 मार्च तक न्यायालय में उपस्थित होने के आदेश जारी किए गए हैं। माना जा रहा है कि आरोपी यदि इस तिथि को उपस्थित नहीं होते तो उनकी संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

ज्ञात हो कि शहर के ग्रामीण वार्ड मोहड में शिवनाथ नदी के किनारे अवैध रूप से रेत निकालने का प्रयास किया जा रहा था। जिसका विरोध करते मौके पर ग्रामीण उपस्थित हो गए थे। इस दौरान आरोपियों ने वाद-विवाद की स्थिति के दौरान फायरिंग कर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस मामले में बसंतपुर थाना में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस मामले में 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मामले में दो आरोपी संजय सिंह व अमन बैसान्दर फरार चल रहे हैं। सूत्रो ने बताया कि एसपी सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश पर पुलिस की पार्टी लगातार दबिश भी दे रही है।

### संपत्ति कुर्क करने हो सकती है प्रक्रिया

न्यायालय ने इस मामले में उद्घोषणा कर आरोपी संजय सिंह एवं अमन बैसान्दर को 16 मार्च 26 को 11 बजे न्यायालय में उपस्थित होने आदेश दिए हैं। माना जा रहा है कि यदि उक्त फरार आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं होते तो उस स्थिति में आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।

# छात्र से सौ बार उठक-बैठक, अपंग होकर अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल अंबागढ़ चौकी में दो शिक्षिकाओं द्वारा 10वीं कक्षा के एक छात्र को शारीरिक सजा दिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि दो शिक्षिका द्वारा छात्र से सजा के तौर पर 100 बार उठक-बैठक कराई गई। जिसके बाद छात्र अपाहिजों की तरह बिस्तर में है। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने छात्र को रायपुर रेफर किया है।

पीड़ित छात्र 10वीं कक्षा में अध्ययनरत है और उसकी बोर्ड परीक्षाएं नजदीक है। होनहार छात्र शारीरिक दंड से अपाहिज हो गया है, जो बिस्तर से खुद-ब-खुद नहीं उठ पा रहा है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार अंबागढ़ चौकी अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद में जनवरी माह में किसी बात को लेकर दोनों शिक्षिका ने छात्र को दंडित करते सौ बार स्कूल में उठक-बैठक कराया। अत्याधिक शारीरिक सजा के बाद छात्र को चक्कर, कमजोरी और अन्य शारीरिक परेशानी होने लगी।छात्र की हालत बिगड़ते देख स्कूल से परिजनों को सूचना दी गई। जिसके बाद उसे तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी ले जाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया है। फिलहाल छात्र का इलाज रायपुर के एक अस्पताल में जारी है।




### बोर्ड परीक्षा के पहले पड़ा बिस्तर में

घटना को लेकर बताया गया कि दसवीं बोर्ड परीक्षा कुछ ही दिन शेष है। इसी दौरान छात्र के साथ दंड के रूप में आत्मानंद स्कूल में हुए हैवानियत से छात्र बिस्तर पकड़ लिया है। माता-पिता इलाज के थपोले में पड़ गए हैं।

### शिक्षिका पर लगा प्रताड़ना का आरोप

पीड़ित छात्र के परिजनों ने आरोप लगाया है कि शिक्षिका रूचि भागे और वर्षा प्रधान ने छात्र को किसी बात को लेकर क्लास रूम में 100 बार उठक-बैठक कराया। जिसके बाद छात्र अब उठ-बैठ नहीं पा रहा है।

### नस में तकलीफ

नगर में बूट हाउस का संचालन कर रहे परिवार का एक होनहार छात्र अब कठोर शारीरिक दंड से आपहिजों की जिंदगी जी रहा है। घटना को लेकर बताया गया कि पिछले एक माह से छात्र शरीर की नस में तकलीफ बढ़ने से उठ-बैठ नहीं पा रहा है। रायपुर के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है, उसे सहारा देकर परिवार के अन्य सदस्य नित्य क्रिया करा रहे हैं।

### नोटिस जारी

दंड देने वाले दोनों शिक्षिकाओं को नोटिस प्रदान करते जवाब मांगा गया है।

एसके धीवर, बीईओ

# चौक के नामकरण का जताया विरोध वार्डवासियों ने की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के शीतलामाता वार्ड में पुराने अस्पताल चौक में स्थित एक चौराहे के नामकरण को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गयी है।

सोमवार को नगर निगम के सामान्य सभा में प्रस्ताव लाकर इस चौराहे का नाम चित्रांश चौक किया गया है। चौक का नामकरण किए जाने का विरोध भी आज दिखाई दिया। जमातपारा क्षेत्र के लोगों द्वारा इस मामले में विरोध दर्ज करते स्थानीय पार्षद के खिलाफ नारेबाजी की गई। अब इस नामकरण को लेकर वार्ड के लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है।



### चौक से जुड़ी है आस्था

जमातपारा क्षेत्र के नितेश यादव और डॉ. नीलेश सिंह ने कहा कि यह जमातपारा का मुख्य चौक है, जिसे जगजननी चौक के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि लगभग 50 वर्ष से अधिक समय से यहां पर नवरात्र के अवसर पर मां जगजननी की प्रतिमा स्थापित होती है। जिससे सभी की आस्था जुड़ी हुई है। वार्ड के लोगों ने अपना विरोध प्रदर्शन के दौरान इस चौक का नाम यथावत जगजननी चौक रखने की मांग महापौर और मधुसूदन यादव से की है। वहीं चौक के नामकरण के मामले को लेकर अपना विरोध जताते हुए नाम बदलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने सिग्नल की बदली टाईमिंग, मिलेगी अब राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं जनहितकारी बनाने हेतु निरंतर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिले में एक अभिनव एवं प्रभावशाली यातायात सुधार अभियान संचालित किया गया है। जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को जाम से राहत देना तथा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को अधिक सुचारू बनाना है।

इस अभियान के अंतर्गत यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों एवं अत्याधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ट्रैफिक मूवमेंट का गहन निरीक्षण एवं विश्लेषण किया गया। पूर्व में सभी सिग्नलों पर प्रत्येक दिशा के लिए समान रूप से 30 सेकंड का समय निर्धारित था। जिसके कारण कई स्थानों पर अनावश्यक जाम एवं विलंब की स्थिति उत्पन्न होती थी। अब चौक की संरचना, वाहन घनत्व एवं समय विशेष के ट्रैफिक दबाव को ध्यान में रखते सिग्नल टाइमिंग को अधिकतम 20 सेकंड एवं न्यूनतम 15 सेकंड किया गया है।

### वैज्ञानिक अध्ययन पर आधारित निर्णय



इस सुधार से पूर्व यातायात विभाग द्वारा एक संक्षिप्त फील्ड स्टडी भी की गई। जिसमें पीक आवर्स के दौरान वाहन संख्या, प्रतीक्षा समय तथा जाम की अवधि को रिकॉर्ड किया गया। अध्ययन में यह स्पष्ट हुआ कि लंबे सिग्नल समय से क्रॉसिंग पर वाहन अनावश्यक रूप से जमा होते जा रहे थे। जिससे पीछे तक ट्रैफिक ब्लॉक हो रहा था। विशेषज्ञों के सुझाव एवं डेटा एनालिसिस के आधार पर टाइमिंग घटाने का निर्णय लिया गया, जो अब अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है।

### सुगम आवाजाही होगी सुनिश्चित

पुलिस के अनुसार इस परिवर्तन का सकारात्मक प्रभाव तत्काल रूप से देखने को मिलेगा, जहां पहले एक पूरे सिग्नल चक्र को पार करने में लगभग 2 मिनट का समय लगता था, अब वही प्रक्रिया मात्र 45 सेकंड में पूर्ण हो रही है। इससे न केवल यात्रा समय में कमी आई है, बल्कि ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी तथा आपातकालीन वाहनों की सुगम आवाजाही भी सुनिश्चित हो रही है।

**महाशिवरात्रि पर्व को लेकर संस्कारधानी में शुरू हुई तैयारियां**

# महाकाल की भष्म आरती और शिव पार्वती विवाह की झांकी के साथ शहर में निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाशिवरात्रि पर्व पर संस्कारधानी में श्रद्धा भक्ति का माहौल निर्मित रहेगा। इस दिन जहां शिवालयों में पूजा-अर्चना करने भक्तों की भीड़ रहेगी। विविध धार्मिक आयोजनों का क्रम बना रहेगा। पर्व के एक दिन पूर्व 14 फरवरी को महाकाल मित्र मंडल द्वारा महाकाल की भव्य शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारी है। इस दौरान भष्म आरती, अघोरियो का दल और शिव-पार्वती के विवाह का अद्भुत नजारा रहेगा, जिसे लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई है।

देवों के देव महादेव की पूजा-अर्चना का पर्व महाशिवरात्रि को लेकर अंचल में श्रद्धा-भक्ति और उत्साह का माहौल है। पर्व के लिए अभी से ही अंचल के शिवालयों में तैयारियां की जा रही है। वहीं दूसरी ओर धार्मिक आयोजन सहित विविध कार्यक्रम किए जाने का भी आयोजन समितियों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है।पर्व पर पूरे अंचल में भगवान शिव भक्ति का माहौल निर्मित रहेगा।



### शिवालयों में होंगे रूद्राभिषेक

शहर के प्रमुख मंदिरों मां शीतला मंदिर सोनारपारा, शिव मंदिर इंदिरा सरोवर, शिव मंदिर मोहारा, मां पाताल भैरवी मंदिर, शिव मंदिर शंकरपुर, कालीमाई मंदिर पुराना बस स्टैंड, महाकाल मंदिर रानीसागर, भानपुरी मंदिर, शिव मंदिर बांसपाईपारा, भानेश्वरी मंदिर, शिव मंदिर नया बस स्टैंड सहित अन्य शिवालयों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना, धार्मिक आयोजन सहित कई स्थानों पर भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। जिसकी व्यापक तैयारियां की जा रही है।

### अमरनाथ की सजीव झांकी दर्शन

महाकाल मंदिर सिंघोला में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 15 फरवरी को सुबह भष्म आरती सुबह 3 बजे, श्रृंगार आरती सुबह साढे चार बजे एवं 16 फरवरी को सेहरा दर्शन सुबह 7 बजे, दोपहर को साल में एक बार होने वाली भष्म आरती दोपहर साढे 12 बजे आयोजित किया जाएगा। इसी तरह श्री बागेश्वर धाम जीई रोड में अमरनाथ सजीव झांकी दर्शन 13 से 15 फरवरी तक होगा। इसके साथ ही विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### लोक कलाकारों की होगी प्रस्तुति

महाकाल मित्र मंडल के निखिल द्विवेदी ने बताया कि महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व शहर में भगवान महाकाल की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा का यह 7वां वर्ष है। 14 फरवरी को शहर के गुरूद्वारा चौक से दोपहर 12 बजे निकलने वाले इस भव्य शोभायात्रा में महाकाल की भष्म आरती की अद्भुत झांकी रहेगी। इसके साथ ही हरियाणा से पहुंचे अघोरियों का दल, मध्यप्रदेश का दुलदुल घोड़ी के साथ कलाकार, गुदुम बाजा, आदिवासी नृत्य, छत्तीसगढ़ी नृत्य सहित छत्तीसगढ़ के अनेक लोक संस्कति से जुटे कलाकारों द्वारा पूरे शोभायात्रा के दौरान प्रस्तुति की जाएगी। बाजे-गाजे के साथ निकलने वाला यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंचेगा, जहां समापन अवसर पर भगवान शिवजी एवं मां पार्वती का विवाह का जीवंत दृश्यांकन होगा। पूजा-अर्चना के पश्चात महाप्रसादी का वितरण भक्तों को किया जाएगा।

## सार समाचार

### मानस सम्मेलन 13 से

**सड़क अतरिया।** ग्राम संड़ी में मानस परिवार एवं ग्रामीणों के सहयोग से आगामी 13 फरवरी से तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में ख्याति प्राप्त मंडलियों की प्रस्तुति होगी। प्रत्येक दिन तीन तथा कुल 9 मंडली सम्मेलन में शामिल होगी। सभी मंडली को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### मोहड़ स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का प्रसारण

**राजनांदगांव।** शासकीय हाईस्कूल मोहड़ में विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं मानसिक विकास को ध्यान में रखते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का सजीव प्रसारण स्मार्ट क्लास के माध्यम से देखा गया। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थी, प्राचार्य एवं स्टाफ उपस्थित रहे।



विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा को तनावमुक्त होकर देने, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा नियमित अध्ययन से सफलता प्राप्त करने जैसे महत्वपूर्ण टिप्स, सुझाव और ट्रिक्स को ध्यानपूर्वक सुना एवं देखा। इस दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली। प्राचार्य ने कहा कि इस तरह के प्रेरणादायी कार्यक्रम विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं और परीक्षा के भय को दूर करने में सहायक होते हैं। स्टाफ सदस्यों ने भी इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।

### जनता के साथ वायदा खिलाफी कर रही सरकार

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में रविवार को टेडेसरा में विभिन्न मुद्दों को लेकर किसान, मजदूरों की बैठक में विस्तृत चर्चा कर आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया। बैठक में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधायक जनकलाल ठाकुर, मेघदास वैष्णव, प्रेमनारायण वर्मा, बसंत साहू, सुकलाल साहू, रामचरण नेताम, सुरेन्द्र साहू, बलराम साहू, बंशी साहू, भूतपूर्व सरपंच युवराज साहू, किसान नेता सुदेश टीकम, चंदू साहू आदि वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। श्री ठाकुर ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीति की कड़ा विरोध करते कहा कि आज पूरे प्रदेश के किसान, कर्मचारी, मजदूर परेशान हैं। प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, स्वास्थ्यकर्मी, सफाईकर्मी, रसोईया, मितानिन, दैनिक वेतनभोगी, संविदाकर्मी नियमितिकरण वेतन बढ़ोत्तरी एवं अन्य सुविधाओं को लेकर शांतिपूर्ण धरना आंदोलन कर रहे हैं। सरकार चुनाव में किए गए अपने वादों को अमल नहीं कर जनता के साथ वादा खिलाफी कर रहे हैं।

### मंदिर में जनकल्याण आश्रम का भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** शहर के वार्ड क्र. 1 स्थित बाबूटोला क्षेत्र में शक्तिधाम महाकाली मंदिर परिसर में शक्तिधाम अघोर शोध एवं जनकल्याण आश्रम का भूमिपूजन गुरुदेव हरीश यादव के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और संस्था से जुड़े सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान गुरुदेव हरीश यादव ने कहा कि यह आश्रम समाज की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। यहां न केवल अघोर साधना होगी, बल्कि यह स्थान जनकल्याण के कार्यों को भी बढ़ावा देगा। आश्रम का उद्देश्य लोगों को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शांति प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक कदम है, जो न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से, बल्कि समाज कल्याण के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम सभी को इस तरह के प्रयासों को समर्थन देना चाहिए, जो समाज में शांति और समृद्धि लाने का काम करें। सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने कहा कि यह आश्रम समाज के विकास के लिए एक बड़ा कदम है। यह हमारे छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संजोने और समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम करेगा। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार सहित नगर के कई प्रमुख लोग, स्थानीयजन, श्रद्धालु और संस्था से जुड़े सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन सभी ने एकजुट होकर आशीर्वाद और शुभकामनाओं के साथ किया।

### 13 को बैठक



**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड की 16वीं बैठक आगामी 13 फरवरी को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आयोजित की गई है। बैठक एजेंडानुसार होंगे। उक्त बैठक में नीलकंठ टेकं छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड सदस्य शामिल होंगे।

### भाजपा को विस चुनाव में भुगतना पड़ेगा खामियाजा

**राजनांदगांव।** नगर निगम इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। करोड़ों रुपए के कर्ज तले दबा निगम न केवल विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में असमर्थ नजर आ रहा है, बल्कि अपने ही कर्मचारियों को समय पर वेतन देने में भी नाकाम साबित हो रहा है।



हैरानी की बात यह है कि नगर निगम क्षेत्र के विधायक, महापौर और राज्य सरकार तीनों भाजपा के होते हुए भी नगर निगम की स्थिति लगातार बद से बदतर होती जा रही है। नगर निगम के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारी महीनों से अपनी पगार के लिए सरकार की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। खासकर सफाई कर्मचारियों की स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है। वेतन भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों में भारी रोष है। जिसके चलते सोमवार को सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय का घेराव किया। सफाई कर्मचारियों के आंदोलन को कांग्रेस ने खुला समर्थन दिया। नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने नगर निगम प्रशासन और भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते कहा कि यह स्थिति सीधे तौर पर प्रशासनिक विफलता और वित्तीय कुप्रबंधन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यदि यही हालात बने रहे तो आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक शाला नागतराई में शनिवार को वार्षिक उत्सव एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण



साहू, विशिष्ट अतिथि पूनमचंद साहू थे। इस अवसर पर भैया-बहनों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने कक्षा अरुण से अष्टम तक प्रथम स्थान, जिला स्तरीय बौद्धिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। अंत में प्रधानाचार्य एआर पटेल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच नारायणी मंडावी, कुंभलाल वर्मा, महेश्वरी यादव, क्षत्री वर्मा, भुवनदास वर्मा, दिनेश दुबे, लखनुराम वर्मा, तुलसीराम साहू, केवलराम वर्मा, पीएल पटेल, माखनलाल पटेल, चुरामन साहू, राजेंद्र टंडन, अनिता देशमुख, प्रिया दुबे, सिमरन साहू, पूर्णिमा वर्मा, मंजू साहू, पूजा ठाकरे, सुमन पटेल आदि मौजूद थे।

## भक्तिरस से सराबोर हुई संगीतनगरी

# रैली के साथ महोत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

श्री रूक्खड़ स्वामी महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मंगलवार को आस्था, अनुशासन और सनातन परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। खैरा नर्मदा कुंड से पवित्र जल लेकर निकली बाइक रैली ने पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण में रंग दिया। 150 से अधिक बाइकों और कई कारों के साथ श्रद्धालुओं का जत्था जब नगर में प्रविष्ट हुआ, तो हर मार्ग पर धर्मध्वज और जयघोष गूंजा उठा। सुबह से ही खैरा, नर्मदा कुंड और गंड़ई क्षेत्र के श्रद्धालु नर्मदा कुंड पर एकत्र हुए। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कुंड से पवित्र जल लिया गया और भगवा ध्वजों के साथ बाइक रैली का शुभारंभ हुआ। यह रैली न केवल एक यात्रा बल्कि क्षेत्रीय एकता, धर्म के प्रति समर्पण और सामूहिक साधना का प्रतीक भी बनी।



### दंतेश्वरी मंदिर से निकली कलश यात्रा

मां दंतेश्वरी मंदिर में पहले से ही महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा के लिए तैयार थीं। जैसे ही बाइक रैली मंदिर परिसर पहुंची, नर्मदा कुंड से लाए गए पवित्र जल को कलशों में स्थापित कर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बाइक से आए श्रद्धालु भी कलश यात्रा में पैदल शामिल हुए और भगवा ध्वजों के साथ जयघोष करते हुए आगे बढ़े। कलश यात्रा दंतेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर अस्पताल चौक होते हुए श्री रूक्खड़ स्वामी मंदिर परिसर पहुंची। मंदिर पहुंचते ही विधिवत पूजन के साथ कलश यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई और वातावरण हर-हर महादेव व जय बजरंगबली के नारों से गूंजता रहा। यात्रा के समापन के बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए सामूहिक भोजन की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही प्रसादी वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई।

### साईं मंदिर पर हुआ भव्य स्वागत

बाइक रैली नगर सीमा में प्रवेश कर साईं मंदिर पहुंची, वहां स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और जयघोष के साथ रैली का स्वागत किया। यहीं पर हनुमान भगवान का रुद्राभिषेक व महामृत्युंजय मंत्र का पाठ हुआ। इस वैदिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। साईं मंदिर से रैली शहर भ्रमण पर निकली। बस स्टैंड, ईतवारी बाजार, बक्शी मार्ग, गोलबाजार, मस्जिद चौक और जय स्तंभ चौक होते हुए रैली मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर रैली का अभिनंदन किया। नगरवासियों ने इसे ऐतिहासिक और अनुकरणीय आयोजन बताया।

# बैंक से लोन दिलाने के नाम पर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बैंक से लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी अश्वनी कुमार जांगडे 53 साल पता ग्राम ठंढार ने 9 फरवरी को थाना में लिखित आवेदन पेश किया कि 2 जुलाई 25 के 11 बजे से 5 फरवरी 26 के मध्य अभिषेक गिरी पिता पप्पू गिरी 22 साल निवासी कैम्प 1 भिलाई द्वारा केनरा बैंक दुर्ग से 36 लाख रुपए लोन दिलाने के नाम पर नगद रकम अलग-अलग किस्तों में 284900 रुपए तथा फोन के माध्यम से उनके मोबाइल नंबर में 221950 रुपए एवं अभिषेक गिरी द्वारा ही पैसों की मांग अलग-अलग मोबाइल नंबर में किया। जिसमें रविशंकर हिरवानी के मो.नं. में 89000 एवं दिक्षा बंधेल के खाते में 120240 रुपए तथा अन्य साथियों के खाते मे 576570 रुपए मेरे से डलवाया है। नगद एवं ऑनलाइन माध्यम से मेरे से कुल 826570 आठ लाख छब्बीस हजार पांच सौ सत्तर रुपए की धोखाधड़ी कर ठगी किया है।

**आरोपी पर कार्रवाई:** विवेचना दौरान आरोपी अभिषेक गिरी 22 साल निवासी कैम्प-1 भिलाई का पतासाजी किया गया। मिलने पर पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल किया। आरोपी द्वारा अपने साथी गिरोह के साथ मिलकर भोले-भाले लोगों से लोन दिलाने का लालच देकर ठगी कर षडयंत्रपूर्वक फोन-पे व नगदी रकम लेकर ठगी किया है। जिससे प्रकरण में धारा 61(2) बीएनएस जोड़ी गई है। आरोपी को 9 फरवरी को गिरफ्तार किया गया है, जिसे ज्युडिशियल रिमांड पर न्यायालय में भेजा गया है।

# महिला मंडल ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

**राजनांदगांव।** मिथिलाधाम श्री गणेश हनुमान मंदिर मोनी बाबा आश्रम में मिथिला महिला मंडल द्वारा आयोजित वरिष्ठजनों का सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयानंद झा एवं अध्यक्षता मैथिल समाज के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अशोक चौधरी ने किया। कार्यक्रम में 95 वर्षीय श्रीमती फुलेश्वरी झा सहित कुल 17 लोगों का शाल, श्रीफल व मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।



इस अवसर पर दयानंद झा ने मिथिला महिला मंडल के सदस्यों को बधाई दी और बुजुर्ग लोगों को याद करने धन्यवाद भी दिया। भविष्य में भी ऐसे अच्छे कार्यक्रम की प्रेरणा देते मिथिला महिला मंडल को आर्थिक सहयोग भी दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने सभी लोगों से आह्वान किया कि आज-कल घरों से बच्चों को संस्कार देने में बुजुर्गों की अहम भूमिका होती है। सभी परिवार में माता-पिता और दादा-दादी, बच्चों के संस्कार के ऊपर विशेष ध्यान दें, खासतौर से अपने बड़ों को प्रणाम करना, गुरुजनों को प्रणाम करना, सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना, अच्छे कार्यों की सराहना करना यह सब काम घरों से ही प्रारंभ होता है। इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

इस अवसर पर मिथिला महिला मंडल की अध्यक्ष सलिला ठाकुर व सचिव सरिता झा ने कहा कि पूरे समाज से हमें इस कार्यक्रम के लिए सहयोग मिला है। मोनी बाबा आश्रम में हुए इस कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक लोगों को धन्यवाद और आभार प्रदान किया और कहा कि भविष्य में भी आपका सहयोग मिथिला महिला मंडल को प्राप्त होता रहेगा।

# कबाड़ में खप रहा चोरी का माल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों अवैध कबाड़ का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। बिना लाइसेंस और वैधानिक अनुमति के संचालित हो रही इन दुकानों ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है। हाल ही में सानिया मोटर्स में हुई चोरी की घटना ने इस काले कारोबार की पोल खोल दी है। नगर पंचायत गंडई और आसपास के इलाकों में डेढ़ दर्जन से अधिक कबाड़ दुकानें चल रही हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से अधिकांश के पास न तो नगर पंचायत का ट्रेड लाइसेंस है और न ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति। बिना किसी कागजी कार्यवाही के वर्षों से चल रहे इस कारोबार को लेकर न तो नगर पंचायत गंभीर है और न ही पुलिस विभाग कार्रवाई कर रहा है।

### निष्क्रियता पर सवाल

इन कबाड़खानों से जहां एक ओर गंदगी और प्रदूषण फैल रहा है, वहीं दूसरी ओर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी लगा रहता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर समय रहते इन अवैध दुकानों का सत्यापन और कार्रवाई नहीं की गई, तो शहर में चोरी की वारदातें और बढ़ सकती हैं।

### सेफ हाउस बने कबाड़खाने

इन अवैध दुकानों की आड़ में चोरी के सामान को ठिकाने लगाने का खेल चल रहा है। सूत्रों की मानें तो शहर में होने वाली चोरियों का सामान इन्हीं दुकानों में खपाया जाता है। इतना ही नहीं नियमों को ताक पर रखकर बिना एक्सपायरी वाले वाहनों को भी यहां काटकर उनके पुर्जे बेचे जा रहे हैं। बिना पहचान पत्र या रिकॉर्ड संधारण के हो रही खरीद-फरोख्त ने अपराधियों के हौसले बुलंद कर दिए हैं।

### चोरी का सीसीटीवी ने खोला राज

चोरी और कबाड़ के इस सांठगांठ का ताजा उदाहरण सानिया मोटर्स में देखने को मिला। दुकान में मरम्मत के लिए आए वाहन से एक नाबालिग ने कीमती सामान पार कर दिया। जब संचालक ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तब चोरी का खुलासा हुआ। पूछताछ में नाबालिग ने स्वीकार किया कि उसने चोरी का सामान स्थानीय कबाड़ दुकान में बेच दिया है। सानिया मोटर्स के संचालक ने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत गंडई थाने में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस जांच कर रही है।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिल्ली रवाना

**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव दिल्ली के लिए रवाना हुए, जहां वे अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

माता बम्लेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद, उनके साथ खैरागढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर और बालोद जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ट्रेन द्वारा डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए प्रस्थान किए। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पार्टी संगठन को मतदान केंद्र स्तर तक मजबूत करने, कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा जनता से जुड़े मुद्दों को प्रभावी मंचों पर मजबूती से उठाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत 10 फरवरी को सुबह 10.30 बजे इंदिरा



भवन कोटला मार्ग नई दिल्ली में एक दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित होगा। दिल्ली रवाना होने से पूर्व एक दिवसीय प्रशिक्षण को लेकर जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि यह प्रशिक्षण संगठनात्मक जिम्मेदारियों को और अधिक प्रभावी ढंग से निभाने का अवसर प्रदान करेगा और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, नीतियों तथा जनता के हित के मुद्दों को मजबूती के साथ जनता तक पहुंचाने में अत्यंत उपयोगी साबित होगा। यह प्रशिक्षण जनता से जुड़े मुद्दों को प्रभावी मंचों पर मजबूती से उठाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान द्वारा दी गई।

# नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुति से वनों को बचाने विभाग कर रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

गरमी के मौसम मे जंगल मे अकस्मात लगने वाली दावानल यानी वन अग्नि से बचाव को लेकर डीएफओ पंकज सिंह राजपूत के मार्गदर्शन मे पूरे जिले मे जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वन अग्नि के दूरगामी दुष्प्रभावों पर संजीदगी से संज्ञान लेते हुए इसके समय पूर्व रोकथाम और प्रबंधन को लेकर व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं।

अग्नि प्रबंधन के प्रचलित कार्य जैसे वन क्षेत्रों में फायर लाइन कटाई/सफाई, फायर वाचर्स रखा जाना, जंगल मे आग की सूचना मिलते ही अमले द्वारा बुझाना हर साल होता आ रहा है लेकिन इस दफे डीएफओ श्री राजपूत ने गरमी के मौसम आने से पहले ही बेहतर प्रबंधन की दिशा मे फॉरेस्ट फायर कंट्रोल रूम की स्थापना कर अग्नि घटना की तत्काल सूचना कंट्रोल रूम को देने की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त नवाचारी पहल के तहत महुआ वृक्ष ब्लेजिंग कर कंट्रोल बर्निंग, गाँवों में मुनादी, दीवार लेखन, बैनर पोस्टर चस्पा, स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच वाद विवाद, निबंध और चित्रकला सहित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा। सरपंच व संयुक्त वन प्रबंधन समिति अध्यक्षों को पोस्टकार्ड लिखकर अपील किया जा रहा है। जागरूकता व प्रचार-प्रसार तहत वन मंडल के खैरागढ़, छुईखदान, गंडई और साल्हेवारा परिक्षेत्र के 36 गावों में नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा हैं। सुप्रसिद्ध कलाकारों से सुसज्जित टीम झंकार कला मंच पैलीमेटा द्वारा इन गाँवों में जाकर अग्नि सुरक्षा पर झांकी के सजीव चित्रण सहित सार्थक प्रस्तुति दी जा रही है। मंच संचालक प्रकाश वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम दौरान अग्नि से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुये अग्नि सुरक्षा व उसके प्रबंधन के लिए जागरूक रहने की अपील की जा रहीं है। विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी ग्रामीणों को वन अग्नि के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए इसके प्रभावी नियंत्रण को लेकर सहयोग की अपील कर रहे है वही संयुक्त वन प्रबंधन समितियों की बैठकों में भी अग्नि सुरक्षा विषय पर चर्चा हो रही है।

### पूरी श्रृंखला होती है प्रभावित, जानवर मानव द्वंद का खतरा है मंडराता

जंगल मे आग जिसे सामान्य तौर पर दावानल कहा जाता है वह वो विभिषिका है जिसमें जंगल के मात्र सतही पत्ते ही नहीं जलते हैं अपितु बीज, छोटे पौधे, झाडि़या, घास, सूखी लकडि़यों सहित पौधों के लिए आवश्यक न्यूट्रिशियंस भी जल जाता हैं जिससे प्राकृतिक पुनरूत्पादन अवरूद्ध हो जाता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो वनों के प्राकृतिक पुनरूत्पादन में फंगस, बैक्टीरिया का विशेष महत्व होता है जो कि पत्तियों, घास, झाडि़यों और सूखी लकडि़यों के सडने-गलने से तैयार होता हैं। आग से जमीन के अंदर एक फीट गहराई तक की उर्वरा मे सहायक तत्व जल जाते हैं। जमीन का सतही आवरण पक जाता है और वर्षा जल तेजी से बह जाता है। मिट्टी पर्याप्त पानी नहीं सोख पाती है, जिसके चलते नमी नमी जल्दी खत्म हो जाती है। वर्षा जल अवशोषण, संचयन नहीं होने के कारण जल स्तर में कमी आती है। आग से वन औषधीय प्रजातियां नष्ट हो जाती हैं, जिससे वनांचल वासियों की आजीविका प्रभावित होती है। वन्य जीव भटक जाते हैं, जल जाते हैं, उनका रहवास प्रभावित होता है और मानव-वन्य प्राणी द्वंद की स्थिति निर्मित होने का खतरा होता है। वन खुल जाने से अवैध शिकार की घटना बढ़ सकती हैं। खाद्य श्रृंखला प्रभावित होती है। धुंआ से पर्यावरण प्रदूषण होता है। जैव विविधता का प्राकृतिक सेटअप पूरी तरह से प्रभावित होता है। इन सब बातों को गंभीरता से लेते हुए इस दफे दावानल से जंगल के बचाव को लेकर वन विभाग विशेष प्रयास कर रहा है।

### भागवत कथा 15 तक

**डोंगरगढ़।** नगर में धर्म, भक्ति और आस्था का संगम होने जा रहा है। द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन रखा गया है। यह धार्मिक आयोजन 9 से 15 फरवरी तक होगा। कथा के दौरान श्रीमद् भागवत महात्म्य, प्रह्लाद चरित्र, ध्रुव चरित्र, शिव सती प्रसंग, श्रीकृष्ण लीला, गोवर्धन पूजा, होली उत्सव, कंस वध, रुक्मिणी विवाह सहित अनेक प्रसंगों का वाचन होगा। अंतिम दिन सुदामा चरित्र, व्यास पूजा एवं महाआरती का आयोजन होगा। इसी क्रम में 13 फरवरी को वैदिक विधि-विधान से अन्नाधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास एवं शयन अधिवास संपन्न होगा। आगामी 15 फरवरी को रुद्राभिषेक, शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन-पूजन किया जाएगा। यह आयोजन युवा समिति डिपरा पारा एवं महिला समिति वार्ड 23 के संयुक्त तत्वावधान में रखा गया है।

# हिंदू जागरण मंच की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव की महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक महेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, दायित्व निर्धारण एवं समसामयिक राष्ट्रीय विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से राज बहादुर सिंह को हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव का जिला सक्षम केंद्र प्रभारी नियुक्त किया गया। वहीं आशीष तिवारी को संगठन के प्रचार आयाम का जिला प्रमुख बनाया गया।



बैठक के दौरान प्रमुख वक्ताओं ने महिला सुरक्षा एवं महिला सम्मान जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना प्रत्येक जागरूक नागरिक का कर्तव्य है और हिंदू जागरण मंच इस दिशा में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। बैठक में सुशील लड्ढा, प्रवीण शर्मा, सविता बोस, प्रभात गुप्ता, राजा मौसमी शर्मा, हेमलाल ढीमर, मिथिलेश चंदेल, जुगल किशोर गुप्ता, विद्या यादव, मनोज मालू, राज सोनकर, गोविंद साहू, महेंद्र जंघेल, आनंद गुप्ता, राजू सोऊ, आशीष स्वर्णकार, रोहित तिवारी, संतोष टूरहते, श्रेयांश व्यास, हरीश भानुशाली, कांति मौर्य, जनक गुप्ता, ममता शर्मा, माया शर्मा, मंजू , गायत्री, मुनमुन, संगीता, चंदा, रिमझिम, प्रतीक,, मुकेश, मनोज गोलछा समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### :: आम सूचना ::

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं/हम जसविन्दर कौर मिशन पति मनमोहन सिंह मिशन, 1567, शांति नगर कोहका, स्ट्रीट न. 36, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (छत्तीसगढ़) श्री चिंता राम पिता राम नाथ, आयु लगभग 53 वर्ष, वार्ड नं. 14, गाँव रेंगखर, तहसील साल्हेवारा, जिला K.C.G. (छत्तीसगढ़) से, खसरा क्रमांक 17/1, रकबा 0.3220 हेक्टेयर, के संबंध में पूर्व में बयाना राशि अदा कर दिनांक 09.02.2026 को विक्रय हेतु समझौता निष्पादित कर चुकी हूँ। उक्त संपत्ति के संबंध में केवल विक्रय विलेख का औपचारिक निष्पादन एवं पंजीकरण किया जाना शेष है।

अतः यह सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी अथवा अर्ध-सरकारी प्राधिकरण या किसी अन्य निकाय का उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अधिकार, स्वामित्व, हित, दावा, भार, बंधक, ग्रहणाधिकार अथवा शुल्क विद्यमान हो अथवा विक्रय विलेख के निष्पादन के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से पंद्रह (15) दिवस के भीतर अपने अभिलेखीय साक्ष्यों सहित लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं।

यह भी सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात, यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो मैं/हम उक्त संपत्ति के संबंध में विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीकरण कराने के लिए स्वतंत्र होंगे।

निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में विक्रय विलेख निष्पादित कर दिया जाएगा तथा उसके पश्चात उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का दावा, अधिकार, हित, ग्रहणाधिकार अथवा शुल्क मेरे/ हमारे विरुद्ध मान्य नहीं होगा। मोबाइल नंबर 9981997327


जीवेत शरदः शतम्
खुशी से बीते हर दिन
हर साल आपका
मिले सफलता हो पुरा
काम आपका
डोंगरगांव के लोकप्रिय विधायक
मा. दलेश्वर साहू जी
को
जन्मदिन
की
बहुत-बहुत बधाई
हार्दिक शुभकामनाएं...
11 फरवरी
मान. दलेश्वर साहू
विधायक डोंगरगांव
सरिता साहू
कुमान सिंह नेताम
शोभना पटेल
हरिला साहू
रवि साहू
रेशमलाल साहू
अनिता पंचारी
सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगांव
टीकेश साहू
अध्यक्ष
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, डोंगरगांव
सद्दाम खत्री
प्रियंक जैन
गीता सलामे
पार्षद नगर पंचायत डोंगरगांव

## सार समाचार

### 12 को खैरा में गूंजेगी श्रीराम की महिमा

**राजनांदगांव।** ग्राम खैरा (कन्हारपुरी) में अध्यात्म और भक्ति की अविरल धारा बहने वाली है। आदर्श मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 12 फरवरी को एक दिवसीय भव्य रामकथा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है और तैयारियां जोरों पर है।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सुबह 10 बजे दीप प्रज्जवलन के साथ होगा। इसके पश्चात दिनभर ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों द्वारा श्रीराम चरित मानस के प्रसंगों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। प्रथम सत्र सुबह 11 से दोपहर 02 बजे तक जय परमेश्वरी बालिका मानस परिवार कोटेरा डौंडीलोहारा द्वारा मानस पाठ किया जाएगा। द्वितीय सत्र दोपहर 03 से संध्या 06 बजे तक जय मां शीतला मानस परिवार भोथली, आरंग अपनी सुमधुर प्रस्तुति देंगे। समापन सत्र संध्या 06 से रात्रि 09 बजे तक रामनाम दीप मानस परिवार चिद्दो डोंगरगढ़ के मानस गान के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन होगा।ग्राम के प्रतिनिधि गणेश साहू ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्राम में सुख-शांति और धार्मिक जागरूकता लाना है।

### संगीता रॉबिंसन बने सोमनी परीक्षा के केंद्राध्यक्ष

**सोमनी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोमनी में हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी (12वीं) बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 हेतु परीक्षा का संचालन व बैठक व्यवस्था हेतु रीवागहन की प्राचार्य संगीता रॉबिंसन को सोमनी परीक्षा का केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



केंद्राध्यक्ष श्रीमती संगीता रॉबिंसन एवं सोमनी की प्राचार्य श्रीमती सविता अवस्थी ने बताया कि परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक चलेगी। 10वीं बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में कुल 296 विद्यार्थी शामिल होंगे जिनमें सोमानी सहित सुंदरा, सांकरा, धीरी, पब्लिक स्कूल सोमनी, संस्कार पब्लिक स्कूल शामिल है। केंद्राध्यक्ष व प्राचार्य ने बताया कि हायर सेकंडरी 12वीं में कुल 217 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। जिनमें सोमनी के 147 बच्चे, सुंदरा स्कूल से 58, सोमनी पब्लिक स्कूल से 04 व संस्कार पब्लिक स्कूल से 08 सहित कुल 217 छात्र-छात्राओं के अलावा 10वीं व 12वीं के एक-एक बच्चे स्वाध्यायी परीक्षा में शामिल होंगे। बिजली, पानी, टॉयलेट सहित फर्नीचर की पूरी व्यवस्था है। यहां किसी भी छात्र-छात्राओं को परीक्षा के दौरान कोई असुविधा नहीं होगी।

### ढोड़िया में महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में 9 फरवरी को ग्राम ढोड़िया में रक्षा टीम द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के दौरान महिला आरक्षक रीनू मेश्राम, कौशिल्या साहू, आरक्षक अमित जाटवर एवं आरक्षक वाहन चालक शेषनारायण सिंह द्वारा उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस), बाल श्रम एवं अन्य महिला संबंधित अपराधों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिलाओं को नशे से दूर रहने, किसी भी प्रकार की परेशानी या असहज स्थिति में सही एवं त्वरित कदम उठाने, भरोसेमंद व्यक्ति को जानकारी देने तथा साहसपूर्वक अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यर्यक्रम में अभिव्यक्ति ऐप के महत्व को समझाते ऐप डाउनलोड कराया गया तथा उसमें उपलब्ध आपातकालीन सुविधा का उपयोग कैसे करें, इसकी जानकारी सरल एवं सहज भाषा में दी गई। साथ ही मोबाइल फोन के अत्याधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी महिलाओं को जागरूक किया गया।इस जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 75 से अधिक महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा समाज में सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना रहा।

## महिला एवं बाल विकास विभाग का आयोजन

# 115 दूल्हों की निकली बारात, थिरके बाराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिला स्तरीय सामूहिक विवाह का आयोजन केकती बाड़ी मैदान में किया। इस आयोजन में 115 जोड़ों का विधिवत विवाह संपन्न हुआ। खास बात यह रही कि दूल्हों की बारात एक किलोमीटर पैदल चलकर पंडाल पहुंची। एक बैंड-बाजे के साथ निकली इस अनोखी बारात ने पूरे छुईखदान को शादी के रंग में रंग दिया। रास्ते भर लोग इस दृश्य को देखने उमड़ पड़े। हर कोई दूल्हे के तरफ इशारा कर बधाई देते रहे। बारातीयों का स्वागत महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग ने घराती की भूमिका निभाते हुए बारातियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दुल्हनों की सहेलियां बनीं, जिन्होंने विवाह से जुड़ी सभी रस्मों में सक्रिय भूमिका निभाई।आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दुल्हनों के साथ हल्दी, स्वागत और अन्य वैवाहिक रस्में पूरी कराईं।





### छुईखदान में रहा शादी का माहौल

सामूहिक विवाह आयोजन से पूरे छुईखदान क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा। क्षेत्रवासियों ने नवदंपतियों को बधाइयां दीं और शासन की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, जिला परियोजना अधिकारी डॉ पीआर खूंटे, जनपद सीईओ केशवरी देवांगन, खैरागढ़ के परियोजना अधिकारी रंगना श्रीवास्तव, छुईखदान परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे सहित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, सरपंच सहित अन्य उपस्थित थे।
कलेक्टर इंद्रजीत कुमार चंद्रावल ने घराती-बराती का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह महती योजना है। राज्य सरकार द्वारा 35 हजार की मदद कन्या के उपहार सामग्री के लिए दी जाती है, जो वधु के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से जमा की जाती है। इसके अलावा 1 हजार परिवहन व्यय दिया जा रहा है।उन्होंने नव-दम्पत्तियों को सुखी वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी।

### शासन ने दिया उपहार

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नवविवाहित जोड़ों को चेक के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की गई। साथ ही आवश्यक घरेलू सामान उपहार स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सभी जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से गरीब माता पिता को सहयोग मिला और आज 115 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। विधायक यशोदा वर्मा ने भी जोड़ों को बधाई दी। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार ने नव युगलों को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सशक्त सहारा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह बहुत अच्छी योजना है।

### चित्रांश चौराहा नामकरण समाज ने जताया आभार



**राजनांदगांव।** नगर के फौव्वारा चौक का नाम चित्रांश चैराहा करने हेतु कायस्थ समाज के पदाधिकारियों ने महापौर मधुसूदन यादव का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष लक्की श्रीवास्तव, सचिव शरद श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद देवेन्द्र मोहन लाला, कोषाध्यक्ष अखलेश श्रीवास्तव, पार्षद अपूर्वा समीर श्रीवास्तव सहित अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित थे। ज्ञात है कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी का एकमात्र मंदिर भी जमातपारा में स्थित है और उससे लगे हुए चौराहा को चित्रांश चौराहा के नाम से अब जाना पहचाना जाएगा। पूर्व पार्षद देवेन्द्र मोहन लाला द्वारा इसके लिए लंबे समय से प्रयास किया जा रहा था। वार्ड पार्षद शैंकी बग्गा और पार्षद अपूर्वा समीर श्रीवास्तव को भी समाज की ओर से उनके सकारात्मक प्रयास हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव ने समाज के नए पदाधिकारियों को बधाई देते विश्वास दिलाया कि कायस्थ समाज और भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर के लिए भविष्य में भी सतत सहयोग जारी रहेगा।

# अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल स्पर्धा का समापन

- कोरबा पश्चिम को 2-1 से हराकर जगदलपुर क्षेत्र बना चैम्पियन

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के दिल्ली पब्लिक स्कूल मैदान में खेले जा रहे पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का विजयी खिताब जगदलपुर क्षेत्र के नाम रहा। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में जगदलपुर क्षेत्र ने गत विजेता कोरबा पश्चिम को 2-1 से हराकर इतिहास दर्ज करते शानदार जीत हासिल की।

पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 10 वर्षों से विजेता की खिताब जीतने वाली टीम कोरबा पश्चिम इस बार अपने बेहतर प्रदर्शन को दोहरा नहीं पाई। फाइनल मुकाबले के पहले हाफ में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। जगदलपुर क्षेत्र की टीम ने इस बार अद्भुत खेल का प्रदर्शन करते पहले हॉफ में ही गोल कर कोरबा पश्चिम की टीम पर दबाव बनाया, फिर मुकाबले में कोरबा पश्चिम की टीम ने शानदार खेल दिखाते गोल दागकर मुकाबले में बराबरी हासिल कर ली। सेकंड हाफ में दोनों टीमों ने गोल दागने के भरसक प्रयास किए, परन्तु कामयाबी नहीं मिली। फाइनल मुकाबले के अंतिम समय में जगदलपुर क्षेत्र की टीम ने चमत्कारिक गोल दागते 2-1 से चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में सेमीफाइनल का पहला मुकाबला कोरबा पश्चिम और अंबिकापुर क्षेत्र के बीच हुआ। जिसमें पेनाल्टी शूटआउट में कोरबा पश्चिम ने अंबिकापुर क्षेत्र को 5-4 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल का दूसरा मुकाबला जगदलपुर क्षेत्र और रायपुर क्षेत्र के बीच हुआ। जिसमें जगदलपुर क्षेत्र शानदार प्रदर्शन करते रायपुर क्षेत्र को 1-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। क्षेत्रीय



क्रीड़ा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र के तत्वाधान में 07 से 09 फरवरी 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता कोरबा की टीम को शील्ड एवं उपविजेता रही राजनांदगांव की टीम को रनर शील्ड प्रदान किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते मुख्य अभियंता श्री सेलट ने विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र के सचिव अतिरिक्त मुख्य अभियंता मंगल तिर्की, अधीक्षण अभियंता एस. कंवर, केसी खोटे, कार्यपालन अभियंता एनके साहू, एमके साहू, एडी टंडन, बीरबल उइके, कौशलेन्द्र पाण्डे, एसपी जैकब, रविकांत शर्मा, कांती नेताम, पीआरओ डीएस मंडावी, डी. दिलेश्वर राव, अनिल मिंज, प्रकाश सोनटापर, हिरदेरराम कंवर, वीरेन्द्र देवांगन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित हुए। आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव अतिरिक्त मुख्य अभियंता मंगल तिर्की द्वारा किया गया।

# 21वीं सदी का सबसे बड़ा दिवस मातृ-पितृ पूजन दिवस : नीलू शर्मा

- पूर्व महापौर हेमा सहित गणमान्य लोग हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री योग वेदांत सेवा समिति एवं समस्त साधक परिवार द्वारा चिखली वार्ड में भव्य रूप से मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, अध्यक्षता पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख एवं विशिष्ट अतिथि पार्षद श्रुति लोकेश जैन, विधि तिवारी मोदी, डॉ. राघव वर्मा उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि आज पाश्चात्य संस्कृति के कारण बच्चों में असंतोष, निराशा, चिंता बढ़ती जा रही है। ऐसे में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम से निराशा से आशा की ओर, पतन से उत्थान की ओर जा रहे हैं। साथ ही समाज में माता-पिता व गुरुजनों के प्रति आदर भाव बढ़ता जा रहा है।



### 200 देशों में मना रहे पर्व

पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी भौतिकवाद के चकाचौंध में मस्त होकर अपने संस्कृति की गरिमा समझ नहीं पा रहे हैं और अपने माता-पिता की बातों को, उनके उपकारों को भूलते जा रहे हैं। ऐसे में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम माता-पिता के उपकारों को याद दिलाती है और उनके संस्कार को जीवन में अपनाकर उन्नत होने की सीख देती है। श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि आज भारत सहित 200 देशों में इस दिवस को मना रहे हैं। यह अभियान एक व्यापक रूप ले लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी इस पर्व की सराहना करते प्रतिवर्ष इसे मनाने की घोषणा की है।

बाल संस्कार विभाग व युवा सेवा संघ के प्रमुख संजय साहू ने बताया कि आज चिखली के राजमाता मैदान में वार्डवासियों के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने माता-पिता को आसन पर बिठाकर फूल-मालाएं पहनाई, तिलक किया और हाथों में पूजा की थाली लेकर पूजा-अर्चना की, फिर माता-पिता ने बच्चों को हृदय से लगा लिया और शुभ आशीष दी।

# नियमों का उल्लंघन, 30 वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यातायात नियमों का उल्लंघन कर आम रोड में वाहन खड़ी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया है। जिसके तहत 30 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 9 फरवरी को पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों के सर्विस रोड पर अवैध रूप से खड़े नो-पार्किंग वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

उक्त कार्रवाई अग्रवाल ट्रांसपोर्ट तिराहा से पुराना बस स्टैंड चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, रेलवे स्टेशन रोड, भगत सिंह चौक, महावीर चौक, गुरूद्वारा चौक, नया बस स्टैंड, अम्बेडकर चौक, मनोकामना से आरके नगर चौक तक सर्विस रोड में दोनों ओर आवागमन करने वाले आम रोड पर खड़ी वाहनों पर लॉक लगाकर मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई किया गया। साथ ही नो-पार्किंग एरिया में खड़ी



दुपहिया वाहनों को क्रेन के माध्यम से उठाकर कार्रवाई किया गया। जिसके तहत काला शीशा लगे चारपहिया वाहन पर मोटरयान अधिनियम की धारा 100 के तहत कार्रवाई कर 2000 रुपए जुर्माना वसूला गया। नो-पार्किंग में खड़े कुल 30 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। सर्विस रोड में अवैध पार्किंग के कारण आमजनों की आवाजाही बाधित होती है, जिसे दृष्टिगत रखते यातायात पुलिस द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### फीस बढ़ाकर अत्याचार कर रही सरकार : रूपेश

**राजनांदगांव।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता रूपेश दुबे ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा शुल्क सहित अन्य 22 मदों में दोगुनी फीस वृद्धि को गरीब सहित सर्वहारा वर्ग के बच्चों एवं पालकों को फीस व महंगी शिक्षा की मार जैसे 10वीं, 12वीं की नियमित फीस 460 रु. को बढ़ाकर 800 रु., नामांकन शुल्क 80 रु. से बढ़ाकर 150 रु., अतिरिक्त विषय का फीस 110 रु. से 250 रु., स्वाध्यायी सम्पूर्ण विषय 10वीं, 12वीं 1230 रु. से 1600 रु., एक विषय का 280 रु. से 500 रु., दो विषय का 340 रु. से 600 रु., परीक्षा केंद्र परिवर्तन पर 240 रु से 400 रु., स्वाध्यायी विलंब शुल्क 770 रु. से 1000 रु., विशेष विलंब शुल्क 1540 रु. से 2000 रु. बढ़ाकर अपने शिक्षा विरोधी होने का प्रमाण दिया है।






## खबर संक्षेप

### श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए अर्जुन तिवारी



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम भगतपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने अपने परिवार सहित कथा श्रवण कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की तथा कथा व्यास पंडित मेघानंद शास्त्री से आर्शीवाद प्राप्त किया। कथा के दौरान पंडित मेघानंद शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण एवं देवी रूखमणि के विवाह की अनोखी और प्रेरणादायक कथा का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि रूखमणि, विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री एवं माता लक्ष्मी का अवतार थीं। देवर्षि नारद से श्रीकृष्ण के गुण, रूप और यश को सुनकर रूखमणिने मन ही मन उन्हें अपना पति स्वीकार कर लिया था। जब रूखमणि का विवाह चेदिराज दमघोष के पुत्र शिशुपाल से तय किया गया, तब उन्होंने एक ब्राह्मण के माध्यम से श्रीकृष्ण को संदेश भिजवाया। श्रीकृष्ण विदर्भ की राजधानी कुंडीनपुर पहुंचे और शिशुपाल सहित अन्य राजाओं को परास्त कर रूखमणि का उनकी इच्छा अनुसार हरण कर द्वारिका ले आए। मार्ग में रुक्मिणी के भाई रुक्मी से युद्ध हुआ, जिसमें श्रीकृष्ण और बलराम ने उसे पराजित किया। तत्पश्चात द्वारिका में विधि-विधान से श्रीकृष्ण-रूखमणि का विवाह सम्पन्न हुआ। यह श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ स्व. कुमारू चंद्रवंशी के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर आयोजित किया गया है। इस आयोजन के मुख्य यजमान श्रीमती अमोला कोमल चंद्रवंशी, श्रीमती संगीता कमोद चंद्रवंशी एवं श्रीमती मंजू प्रमोद चंद्रवंशी विराजमान है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### विद्यासागर विद्यालय मैनपुरा-पंडरिया में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**हरिभूमि पंडरिया।** ग्राम मैनपुरा-पंडरिया स्थित विद्यासागर विद्यालय में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी पंडरिया घनश्याम साहू, आनंद सिंह ठाकुर, दिनेश कोसरिया, गुरुदत्त शर्मा, आशीष बोथरा, चंद्रभान कोसले, खोवाराम भास्कर, श्रीमती ईश्वरी साहू और प्रशांत सिंह बैस उपस्थित थे। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। वहीं उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने सराहना की। उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में अर्जुन तिवारी ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और कहा कि पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वहीं घनश्याम साहू ने कहा कि वार्षिक उत्सव के माध्यम से स्कूल अपने छात्र छात्राओं की प्रतिभा और उपलब्धियों को प्रदर्शित करता है। उन्होंने विद्यासागर विद्यालय के बच्चों को खूब पढ़ने और देश-दुनिया में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। वहीं जनपद सदस्य दिनेश कोसरिया ने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने वाली बात की। इस दौरान शाला परिवार की शिक्षक शिक्षिकाएं , पालग गण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# श्री रूद्र महायज्ञ व श्रीशिव कथा कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव कथा के अष्टम दिवस पर पूरा गांव हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। वहीं भगवान श्री शिव की कृपा से श्रद्धालुओं को दर्शन व कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इस पावन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा का ग्राम कोलेगांव आगमन हुआ, जहां श्री रुद्र महायज्ञ समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विधिवत श्री रूद्र महायज्ञ की परिक्रमा कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। महायज्ञ अंतर्गत शिव कथा में झांसी (मध्यप्रदेश) से पधारीं कथा प्रवक्ता श्रीमती रश्मि शास्त्री ने शिव महापुराण की भावपूर्ण कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान शिव का अर्थ ही कल्याण है। उन्होंने नारद एवं भगवान विष्णु से संबंधित प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि अहंकार के क्षण में भी शिव की माया जीव को कल्याण की ओर ले जाती है। नारद के कल्याण हेतु भगवान शिव ने श्री विष्णु को हरि रूप प्रदान कराया, यह कथा शिव की करुणा और लीला का अद्भुत उदाहरण है। इस दौरान नंदनी साहू, किशोर सानू तिवारी, श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र, रामाधार शर्मा, पवन शर्मा, श्रीमती ममता विजय शुक्ला, विनय शर्मा, सुरेश धुर्वे, जोतराम साहू, मोहन चंद्रवंशी, डॉ संतोष साहू, परमेश्वर साहू, कपिल चंद्राकर, सुधा साहू, गीताराम साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी, मनहरण साहू, सुरेश दुबे, दिनेश मिश्रा, शेखर सिंगरौल, श्रीमती भानु साहू, श्रीमती उत्तरा धुर्वे सहित समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### हाई स्कूल को हॉयर सेकेंण्डरी में उन्नयन का विधायक ने दिया आश्वासन



विधायक भावना बोहरा ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम कोलेगांव में विगत 16 वर्षो से लगातार श्ररी रुद्र महायज्ञ का आयोजन होना स्वयं भगवान शिव की विशेष कृपा है। उन्होंने कहा कि महायज्ञ एवं शिव कथा श्रवण का सौभाग्य प्रभु के आशीर्वाद से ही प्राप्त होता है। इस दौरान ग्रामवासियों ने विधायक के समक्ष हाई स्कूल को हॉयर सेकेंण्डरी में उन्नयन की वर्षो पुरानी मांग रखी, जिस पर विधायक भावना बोहरा ने शीघ्र सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।

## खेती-किसानी : ग्रामीण किसान आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर

# जिले के किसान सीख रहे हैं वैज्ञानिक खेती के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अब खेती-किसानी का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। परंपरागत एक ही फसल पर निर्भर रहने के बजाय क्षेत्र के ग्रामीण किसान अब वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर नए-नए साग-सब्जियों सहित अनेक फसलों की खेती कर रहे हैं। इसका सीधा असर उनकी आमदनी और आर्थिक स्थिति पर साफ दिखाई देने लगा है। जिले के किसानों ने आधुनिक तकनीक, नई-नई खोज और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर खेती के क्षेत्र में मानो चमत्कार कर दिखाया है। आज किसान एक ही खेत में कई तरह की फसलों का उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उन्हें साल भर नियमित आय मिल रही है। यही कारण है कि अब जिले के किसान आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र के ग्रामीण किसान बेहतर पैदावार हासिल कर रहे हैं और अपनी मेहनत व हुनर से अच्छी आमदनी कमा रहे हैं। इससे साफ है कि जिले के किसान अब आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को जमीन पर साकार कर रहे हैं।

### एक ही खेत में विविध फसलों का उत्पादन कर रहे




ग्राम बीजाझोरी निवासी लाला प्रसाद साहू ने बताया कि इसका जीवंत उदाहरण हैं उन्होंने फूलगोभी और टमाटर की बंपर पैदावार की है, जिसे नासिक सहित आसपास के जिलों में बेचा जा रहा है। इसके अलावा वे फूलगोभी, टमाटर, बैंगन, भिंडी, बरबटी, आलू, मूंगफली, हल्दी, सेमी, केला, पपीता, करेला सहित अनेक प्रकार की सब्जियों और अन्य फसलों की खेती कर रहे हैं। किसानों द्वारा अपनाई जा रही यह बहुफसली खेती न सिर्फ उनकी आय बढ़ा रही है, वहीं अन्य राज्य पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की तर्ज पर अब कबीरधाम जिले के किसान भी एक ही खेत में विविध फसलों का उत्पादन कर रहे हैं।

## सुखाताल में नौ दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सुखाताल स्थित मां महामाया प्रांगण में 04 से 12 फरवरी तक नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें यज्ञाचार्य पं. प्रमोद शर्मा, यज्ञ संयोजक एवं प्रमुख यजमान आचार्य पं. सुरेश शर्मा, पं. उदय शर्मा द्वारा होम-हवन किया जा रहा है। जिससे ग्राम सुखाताल सहित आसपास के श्रद्धालुओं में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। बताया जाता है कि 04 फरवरी को श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के प्रथम दिवस भव्य जल यात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश के साथ किया गया, वहीं द्वितीय दिवस वेदी स्थापना, मंडप-पूजन के साथ प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भक्तजनों को कथा रसपान कराया जा रहा है। जिसमें भक्तगण प्रतिदिन श्रीलक्ष्मी नारायण ज्ञान यज्ञ भगवान का परिक्रमा कर आर्शीवाद प्राप्त कर रहे है। वहीं कथा प्रवचन दोपहर 3:00 बजे से पं. रामलोचन तिवारी द्वारा श्रीराम चरित मानस का दिव्य कथा का रसास्वादन सुमधुर संगीत के साथ तीन दिनों तक कराया गया। जिसमें भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर विवाह तक की कथा सुनाया गया, उन्होने बताया कि कैसे



अयोध्या के राजा दशरथ के संतान नहीं होने पर अपने कुलगुरु वशिष्ठ के सलाह से श्रृंगी ऋषि के पास गए और उनके कहने पर पुत्रेष्टि यज्ञ किए पुत्रेष्टि यज्ञ करने से यज्ञ कुंड से अग्नि देव प्रकट हुए और प्रसाद के रूप में खीर दिए, जिसे राजा दशरथ ने बड़ी रानी कौशल्या सुमित्रा एवं केकैई को खीर रूपी प्रसाद को सेवन करने के लिए दिए प्रसाद सेवन के पश्चात तीनों रानियो से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुहन का जन्म हुआ और अयोध्या में खुशियां छा गई। चारों राजकुमारों का बाल लीला उपरांत मिथिला के राजा विदेहराज जनक की पुत्री माता जानकी के साथ भगवान श्रीराम का विवाह हुआ। इस श्रीराम प्रसंग कथा रसपान कर ग्रामीण भक्तजन अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है।

# रंग-संगीत का हुआ शानदार आयोजन, कला, काव्य, संगीत व नृत्य का रंगारंग उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के सहयोग से आश्रयनिष्ठा वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित रंग-संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे अलग-अलग सत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, पहले सत्र में प्रदेश भर से प्राप्त कलाकारों के पंजीयन पश्चात चयनित प्रतिभाओ को अपना हुनर दिखाने का मौका दिया गया, हुनर का मंच अंतर्गत गायन, कत्थक, गिटार, बासुरी, काव्य पाठ, लोकगीत एवं नृत्य के माध्यम से रश्मि केशरवानी, गौरव गुप्ता, स्वाति गुप्ता, रोशन चंद्रवंशी, संस्कार साहू, रिंकू साहू, सचिन कुम्हरे, अक्षय तिवारी, कवलजीत कौर, किरण नरवाणी, आरव मानिकपुरी, किरण माथुर, ख्याति वर्मा व योगेंद्र मानिकपुरी ने अपनी बहुरंगी प्रस्तुति दी। वहीं द्वितीय सत्र में बिलासपुर की प्रतिष्ठित संस्था



नृत्यधारा डांस अकादमी के सदस्यों ने अंतर्राष्ट्रीय नृत्य साधिका आंचल पाण्डेय के नेतृत्व में महाभारत के महत्वपूर्ण प्रसंग द्रोपदी चिरहरण का नृत्य नाटिका के माध्यम से अत्यंत प्रभावी मंचन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, भाजपा जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता जसविंदर बग्गा, जिला भाजयुमो अध्यक्ष उमंग पाण्डेय उपस्थित थें। जिन्होंने सभी प्रतिभाओ व राज्य बाहर से आए आमंत्रित कलाकारो का सम्मान किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा की कला, संस्कृति, संगीत व साहित्य भारत की आत्मा है और साहित्य हमारे अंदर बेहतर इंसान को जीवंत करता है। नृत्य न सिर्फ मनोरंजन है बल्कि साधना का भी माध्यम है। समस्त अतिथियों का आश्रयनिष्ठा वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष नितिन त्रिपाठी ने स्वागत किया व स्मृति चिन्ह भेंट किया। आयोजन के अंतिम सत्र में सुगम संगीत की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया, इस सत्र में युवा गायक सुगम शिवाले व श्वेता शिवाले ने अपनी टीम के साथ एक से बढ़कर एक नगमों की झड़ी लगा दी। कार्यक्रम का सफल संचालन अभिषेक पाण्डेय, वीरेंद्र चंद्रवंशी, पारसमणि शर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन प्रेमिश शर्मा ने किया।

## एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन अम्बेडकर भवन में किया गया

# योग साधना को हम दैनिक जीवन में अनिवार्य रूप से शामिल करें: राज्य प्रभारी जया मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

महिला पतंजलि योग समिति कवर्धा के तत्वाधान में 8 फरवरी को एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन अम्बेडकर भवन में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ वैदिक रीति से यज्ञ हवन एवं भजनों के साथ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना तथा अधिक से अधिक योग शिविरों का आयोजन कर समाज को योग एवं संगठन से अवगत कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ की राज्य प्रभारी सुश्री जया मिश्रा ने की तथा सह राज्य प्रभारी और राज्य कार्यकारिणी ममता की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यशाला में कवर्धा, दुर्ग एवं बेमेतरा जिला की महिला पतंजलि योग समिति के सदस्यों ने भी सहभागिता की सुश्री जया मिश्रा ने विजय रथ चौपाई का भावार्थ प्रस्तुत करते हुए कहा कि जीवन राष्ट्रहित एवं देश सेवा के लिए हमें योग को अपनाना चाहिए उन्होंने स्वयं योग साधना करने और योग कक्षा लगाकर योग सेवा के लिए प्रेरित करने पर बोल दिया। राज्य प्रभारी गंगा अग्रवाल ने नवधा भक्ति के श्लोक का सरल व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए इस जीवन में अपने के उपाय बताएं तथा जीवन में गुरु के महत्व पर भी प्रकाश डाला। राज्य कार्यकारिणी बहन ममता ने देवी संपद की व्याख्या करते हुए सभी बहनों को योग,



आयुर्वेद और संगठन को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी साथ ही कार्यशाला में रोगानुसार योग वेद एवं उपनिषद के प्रमुख मित्रों का भी परिचय कराया। वहीं महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी ने योग और आसान करके उनके लाभ बताए। बिटिया इशिका के द्वारा सांस्कृतिक नृत्य कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया वहीं विंध्यवासिनी ग्रुप की बहनों ने भी दिए से सांस्कृतिक नृत्य कर अपनी प्रस्तुति दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी की धर्मपत्नी मंजू चंद्रवंशी, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष की धर्मपत्नी आभा तिवारी एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांच मैनेजर की धर्मपत्नी ऋषि द्विवेदी का आगमन हुआ। संगठन की महामंत्री श्रीमती ज्योति शुक्ला के द्वारा आए हुए विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया गया। बहन भारती ने आए हुए सभी बहनों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ, कार्यशाला में किसान सेवा पंचायत के राज्य प्रभारी गणेश तिवारी, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी सुरेश चंद्रवंशी, भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी अजय चंद्रवंशी, पंडरिया तहसील प्रभारी सीमा ताम्रकार, बोड़ला तहसील प्रभारी संगीता, लता, पोड़ी से निर्मला, शकुंन, जलेश्वरी, इंद्राणी, कवर्धा से विनीता, भारती राजपूत, सरोज, पार्वती, मंजू वर्मा, ममता ठाकुर, मीनाक्षी, आजीवन सदस्य शकुंतला, प्रभा, शीला, पिंकी, निर्मला शर्मा, महिमा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# श्रीराम कथा से क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से आप्लावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

कुण्डा क्षेत्र इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और अध्यात्म की त्रिवेणी में सराबोर है। ग्राम पंचायत कुण्डा के पूर्व सरपंच एवं सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य, दिव्य एवं विराट आयोजन सम्पूर्ण क्षेत्र को भगवान श्रीराम की कथा से आप्लावित कर रहा है। कथा स्थल पर प्रतिदिन उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इस आयोजन की भव्यता और लोकप्रियता का प्रमाण है। कथा के क्रम में वाराणसी से पधारे जगद्गुरु उपाधि से विभूषित पूज्य ब्रम्हदेवाचार्य ने सरदार पब्लिक हॉयर सेकेंण्डरी विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं समस्त शिक्षकों को भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र के माध्यम से जीवन मूल्यों, मर्यादा, कर्तव्य और संस्कारों का सारगर्भित संदेश दिया। उनके ओजस्वी प्रवचनों से युवा पीढ़ी विशेष रूप से प्रभावित नजर आई। वहीं जबलपुर से पधारीं सुश्री सुनीता शास्त्री ने भगवान श्रीराम-जानकी विवाह की भावपूर्ण कथा प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उनकी सुमधुर वाणी और मानस की प्रखर व्याख्या से पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा और श्रद्धालु झूम उठे। कथा के दौरान मानस की मुखरता ने जनमानस को गहरे स्तर तक आह्लादित किया। कथा प्रसंगों में रानी लक्ष्मीबाई के देश के प्रति अद्वितीय बलिदान की गाथा एवं सनातन धर्म की रक्षा हेतु सिरवन सम्प्रदाय के वीर बालकों द्वारा अपने शरीर की आहुति जैसे प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गई और राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत हुआ। आयोजन में दुख निवारण बाब्बे डेरा के प्रसिद्ध संत हरदीप सिंह द्वारा विद्वानों, कथावाचकों एवं अतिथियों के सत्कार-सम्मान की सुंदर व्यवस्था की गई। वहीं मंच का कुशल एवं दिव्य संचालन पं. नीलभद्र शर्मा (कुण्डा) ने किया, जिन्होंने अपनी शैली से वक्ताओं और श्रोताओं का ध्यान कथा से निरंतर जोड़े रखा।

इस अवसर पर अमनदीप सिंह छाबड़ा, कुलदीप सिंह छाबड़ा, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू, शशीकांत त्रिपाठी, श्रीमती क्षमा त्रिपाठी, डॉ मेघा त्रिपाठी, मोतीराम चन्द्रवंशी, रामकुमार भट्ट, लालजी चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश बाजपेयी, श्रीमती शशि किरण बाजपेयी, अभिनव तिवारी, राजेश बिसेन, अविनाश सेठी, नीलेश सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें। कथा के प्रति बढ़ते जनसमर्थन और अपार श्रद्धा को देखते हुए आयोजनकर्ता सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा की कीर्ति सूर्य की रश्मियों की भांति चारों ओर फैलती दिखाई दे रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना को भी सुदृढ़ कर रहा है।

## निधन

### नरेश यादव



**हरिभूमि कुण्डा।** कुण्डा निवासी नरेश यादव का सोमवार रात्रि 11:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया, स्व. नरेश यादव पुलिस कर्मी राजेश यादव के छोटे भाई थें, वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ चले गए। उनका अंतिम संस्कार मध्यप्रदेश में उनके पैतृक ग्राम में किया गया, उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। उनके निधन से ग्राम व परिवार में शोक व्याप्त है।

**Name Change of a Minor AD**

I Mahavir Kaushik S/o Bahal Kaushik R/o House No.153, Ward No. 11, Gram-Bhatkundera, Bhathkundera, PO: Gochia, DIST: Kawardha, Chhattisgarh- 491336 Have change the name of my minor Son's Manshu Kaushik aged 14 years and he shall hereafter be known as Raju Kaushik.

It certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**Mahavir Kaushik**
**[Singnature of Guardian]**

// मुकदमे के फैसले के बारे में समंस //
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी,
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 01/2026
पेशी तारीख - 28/02/2026
प्रोसेस नंबर 05/2026

संजय कुर्रे------------------------आवेदक

**बनाम**

शाखा प्रबंधक, उप डाकघर कवर्धा वगैरह ------
--अनावेदकगण

बनामः - **आम जनता** (जिस किसी का इससे संबंध हो)

क्योंकि आवेदकगण ने आपके खिलाफ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत इस न्यायालय में पेश किया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में **तारीख 28.02.2026** को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दें सके) मामले का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज तारीख 28 माह 01 सन 2026 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

**टीप- यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी।**

(कु. रूचिता अग्रवाल)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी,
जिला कबीरधाम (छ.ग.)




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सुपा आर्ट से निर्मित विशेष पेंटिंग भेंट

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव कथा के दौरान छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोककला का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत सुपा आर्ट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं डायरेक्टर बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा तथा राष्ट्रीय सह-सचिव प्रभात विश्वकर्मा ने कथावाचक पंडित योगेश्वर दुबे महाराज से सौजन्य भेंटकर उन्हें सुपा आर्ट से निर्मित उनकी विशेष पेंटिंग भेंट की। भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन ने पारंपरिक अनाज साफ करने के पात्र सुपा पर अपनी जीवंत छवि उकेरी हुई देख महाराज जी अचंभित रह गए। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी अद्भुत और सृजनात्मक कलाकारी उन्होंने अपने जीवन में पहली बार देखी है।

### महुआ ठंड का दिख रहा अंचल में असर

**कवर्धा।** फरवरी माह के मध्य में एक बार फिर से ठंड का असर देखने को मिल रहा है। जिले के आदिवासी अंचल में इस मौसम में पड़ने वाली इस ठंड को महुआ जाड़ के नाम से जाना जाता है। हालांकि जिले के शहरी क्षेत्र में ठंड का असर कम है लेकिन वनांचल ईलाकों में ठंड एक बार फिर लौट आई है।

**मंगलपरिणय:** सामाजिक रीति-रिवाज से 272 जोड़े बंधे परिणय-सूत्र में, डिप्टी सीएम सहित विधायक बनीं बाराती

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से बेटियों को मिला सम्मान और सहारा: विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मंगलवार के शुभ मुहूर्त पर पूर्व निर्धारित तिथि 10 फरवरी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामाजिक रीति-रिवाजों और अभुतपूर्व उत्साह के साथ कबीरधाम जिले के 272 जोड़े एक साथ सात फेरे लेकर अटूट बंधन में बंध गए। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया।

सरदार पटेल मैदान में आयोजित इस समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने परिणय सूत्र में बंधकर नए जीवन की शुरुआत करने वाले सभी नवदंपतियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पंडित द्वारा वर-वधुओं को सात वचनों का संकल्प दिलाया गया, जिसके साथ ही विवाह की रस्में संपन्न हुईं। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मंच पर पहुंचकर सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया और शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को 35-35 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक और सामग्री भेंट किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से अनेक जोड़े एक साथ विवाह के पवित्र बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की परेशानियों को समझते हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरुआत की थी। पहले बेटियों की शादी के लिए परिवारों को कर्ज तक लेना पड़ता था, लेकिन इस योजना ने उनकी बड़ी चिंता दूर की है। वर्तमान में इस योजना के तहत 50 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाती है, जिसमें 35 हजार रुपए का चेक प्रदान किया जाता है। इस पहल से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल मिला है और बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न हो रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नव दाम्पत वर एवं वधु को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से आज पूरे सम्मान के साथ कबीरधाम जिले के 272 बेटियों का विवाह पूरे रीति-रिवाज और सामाजिक परंपरा के साथ एक आदर्श विवाह के रूप में संपन्न कराया गया। आज हम सब इस सामुहिक विवाह के साक्षी बने और नव दाम्पत जोड़ों को एक साथ, एक स्थान और एक मंच पर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करने का अवसर भी हम सबकों मिला। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से नवविवाहित जोड़ों को वर्तमान में 35 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें जीवन की नई शुरुआत में आर्थिक सहारा मिल सके। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि कवर्धा में आयोजित यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक ऐतिहासिक क्षण है, जहां पूरे मंडप को दूल्हा-दुल्हनों से सजा हुआ देखकर अत्यंत खुशी और गर्व का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी नवदंपतियों के परिवारजन बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं और दूर-दूर से आए बारातियों का भव्य स्वागत किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोग इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बन रहे हैं।



### उप मुख्यमंत्री ने बारातियों का किया स्वागत

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत अभूतपूर्व उत्साह और हर्षोल्लास के साथ सरदार पटेल मैदान में सामुहिक विवाह का आयोजन किया गया। कवर्धा शहर के पुरानी मंडी से बैंड और डीजे सहित आतिशबाजी के साथ 272 दुल्हों की सामुहिक बारात निकाली गई। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू बेटियों की तरफ से उनके अभिभावक बनकर दुल्हों और वर पक्ष का महामाया मंदिर के पास माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं वर पक्ष की ओर से नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, पूर्व विधायक सियाराम साहू, नितेश अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि बारात में शामिल होकर दुल्हों का आत्मविश्वास बढ़ाया।



### बारातियों का पारंपरिक स्वागत

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करते हुए आज सामूहिक विवाह के दौरान छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति देखने को मिली, जहां बारातियों का स्वागत डंडा खेल के जरिए किया गया। पारंपरिक अंदाज में आयोजित इस परघौनी ने न सिर्फ शादी समारोह को खास बना दिया, बल्कि ग्रामीण संस्कृति की झलक भी पेश की। वर पक्ष का जब बरात पहुंची, तो वधु पक्ष ने डंडा खेल की आकर्षक प्रस्तुति दी। डंडा खेल, जो छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा का अभिन्न हिस्सा है, आमतौर पर शारीरिक चुस्ती और कलात्मकता का प्रतीक माना जाता है। इस खेल के जरिए वधु पक्ष ने बारातियों का स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वर-वधु के नाते रिस्तेदार सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# विकास, विश्वास और भविष्य की नींव है केंद्रीय बजट: नीलू शर्मा

## केंद्रीय बजट 2026 को लेकर भाजपा ने ली प्रेसवार्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

केन्द्रीय बजट को लेकर मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता रखी गई थी। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए नीलू शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन निगम ने बजट को देश के समग्र विकास की दिशा में मजबूत और दूरदर्शी कदम बताया।

उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि भारत को आर्थिक रूप से सशक्त, सामाजिक रूप से संतुलित और भविष्य के लिए तैयार करने का स्पष्ट रोडमैप है। श्री शर्मा ने कहा कि बजट में अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देना सरकार की दीर्घकालीन सोच को दर्शाता है। सड़क, रेल, लॉजिस्टिक्स, डिजिटल नेटवर्क और शहरी-ग्रामीण कनेक्टिविटी में निवेश से आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के लिए यह अवसर रोजगार सृजन और व्यापार विस्तार का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कृषि क्षेत्र को लेकर बजट में किए गए प्रावधानों की सराहना करते हुए कहा कि सिंचाई, कृषि नवाचार, भंडारण और वैल्यू एडिशन पर जोर देने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का प्रयास उनकी आय को स्थिर और सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

युवाओं के संदर्भ में नीलू शर्मा ने कहा कि कौशल विकास, स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने की नीतियां आने वाले समय में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएंगी। यह बजट युवाओं को केवल रोजगार खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की सोच को आगे बढ़ाता है। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में निरंतर निवेश को सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हुआ बताया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल लर्निंग, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और पोषण संबंधी योजनाएं समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक होंगी। महिला सशक्तिकरण से जुड़ी पहलों को उन्होंने सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का आधार बताया। मध्यम वर्ग को लेकर श्री शर्मा ने कहा कि कर व्यवस्था में सरलता और पारदर्शिता से आम नागरिकों को राहत मिलेगी।

डिजिटल भुगतान, ई-गवर्नेंस और तकनीक आधारित सेवाओं से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि व्यवस्था में भरोसा भी मजबूत होगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा पर दिए गए जोर को भविष्य की पीढ़ियों के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि स्वच्छ ऊर्जा, जल संरक्षण और सतत विकास से जुड़ी योजनाएं भारत को जिम्मेदार वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाएंगी। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व विधायक व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, उपाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी, परेटन वर्मा, महामंत्री, दुर्गेश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, मिडिया प्रभारी मोहन कश्यप सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एक साल से मानदेय नहीं, स्वच्छता दीदियों ने बंद किया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम पंचायत मानिकपुर में स्वच्छता अभियान के तहत कार्यरत स्वच्छता दीदियों को 4 सितंबर 2024 से लगातार कार्य करने के बावजूद एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मानदेय नहीं दिया गया है।

भुगतान न मिलने से नाराज महिलाओं ने अब स्वच्छता कार्य बंद कर दिया है, जिससे गांव की साफ-सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। स्वच्छता दीदियों का आरोप है कि मानदेय की राशि को लेकर पंचायत सचिव द्वारा लगातार टालमटोल किया जा रहा है। बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगवाए जा रहे हैं, जिससे राशि गबन होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। महिलाओं का कहना है कि उन्हें जानबूझकर दर-दर भटकाया जा रहा है।

इस समस्या को लेकर सभी स्वच्छता दीदियों ने जांच और कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बोड़ला को लिखित आवेदन सौंपा है। इसके बावजूद अब तक न तो मानदेय का भुगतान हुआ है और न ही किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई की गई है, जिससे महिलाओं में भारी आक्रोश है।

स्वच्छता दीदियों ने बताया कि लंबे समय से भुगतान न मिलने के कारण स्वच्छता दीदियों ने मजबूर होकर काम बंद कर दिया है। उनका कहना है कि बिना मेहनताना काम करना संभव नहीं है और परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।

### अब कलेक्टर कार्यालय जाने की मजबूरी?

महिलाओं के सामने अब सवाल खड़ा हो गया है कि क्या उन्हें उनका मानदेय मिल पाएगा? क्या जिम्मेदार पंचायत सचिव पर कार्रवाई होगी? या फिर न्याय के लिए उन्हें कलेक्टर कार्यालय तक गुहार लगानी पड़ेगी? इस पूरे मामले में जनता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि स्वच्छता दीदियों को दर-दर भटकने के लिए पंचायत सचिव जिम्मेदार है। उन्होंने मांग की कि संबंधित पंचायत की जांच कराई जाए और स्वच्छता अभियान में लगी सभी दीदियों को तत्काल मानदेय का भुगतान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भुगतान नहीं किया गया तो महिलाओं के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

# अवैध शराब बिक्री करते दो आरोपी गिरफ्तार, 31 पौवा देशी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कुण्डा पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से कुल 31 पौवा देशी प्लेन शराब जप्त की है। साथ ही अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल भी जप्त की गई है। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्यवाही की गई है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कुण्डा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोटर सायकल में अधिक मात्रा में अवैध शराब रखकर विक्रय के लिए कुण्डा की ओर आ रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिस देकर आरोपी राकेश चंद्राकर पिता फूलचंद, उम्र 38 वर्ष, निवासी शिकारी पारा, थाना कुण्डा तथा जितेन्द्र पिता सुखीराम पारधी, उम्र 28 वर्ष, निवासी शिकारी पारा, थाना कुण्डा को दबोच लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एक पीले रंग की प्लास्टिक बोरी में 31 पौवा देशी प्लेन शराब की शीशियां, प्रत्येक 180 एमएल, कुल 5.580 बल्क लीटर, कीमत लगभग 2480 रुपए तथा एक पुरानी इस्तेमाली प्लेटीना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जे क्यू 7963, कीमत लगभग 40000 रुपए कुल जुमला कीमत 42480 रुपए को जप्त किया गया।




# गांजा तस्कर को 15 साल के कठोर कारवास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीसी एक्ट कवर्धा ने गांजा तस्करी के एक मामले में अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी को 15 साल के कठोर कारावास और 15 लाख के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

इस संबंध प्राप्त जानकारी के अनुसार चिल्फीघाटी पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोपियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए गत 19 फरवरी 2024 को आरोपी मोहम्मद शमीम पिता दशाक अहमद आयु 44 वर्ष निवासी एटा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 334.640 किलो ग्राम गांजा जप्त किया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा तस्करी में प्रयुक्त एक बारह चक्का टाटा ट्रक क्रमांक यूपी 82 टी 1127 को भी जप्त किया था और आरोपी के खिलाफ धारा 20 (बी)(II)(सी) एनडीपीसी दर्ज प्रकार न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीसी एक्ट कवर्धा के समक्ष पेश किया था।

जिस पर न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीसी एक्ट कवर्धा ने सुनवाई करते हुए गत दिनो आरोपी को 15 साल के कठोर कारावास और 15 लाख के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीसी एक्ट कवर्धा का यह फैसला सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन इसे अपनी बड़ी कामयाबी मान रहा है और उम्मीद की जा रही है इस फैसले के बाद गांजा तस्करों को बड़ा सबक मिलेगा। मामले में विशेष लोक अभियोजक संदीप केशरी ने पैरवी की है।

**जिले में गन्ना की खेती की तकनीक बदल उत्पादन बढ़ाने पर दिया जा रहा है जोर**

# निजी गुड़ फैक्ट्रियों के प्राइस वार से निपटने किए जा रहे हैं प्रयास



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में गन्ने की खेती इन दिनों संक्रमण काल से गुजर रही है। एक ओर जहां देश में सबसे अधिक कीमत करीब 540 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कवर्धा जिले के किसानों को गन्ना मिल रहा है, वहीं निजी गुड़ फैक्ट्री संचालकों के बीच चल रही प्राइस वार का सीधा असर जिले के दोनों सहकारी शक्कर कारखानों पर पड़ता दिखाई दे रहा है।

स्थिति यह है कि सहकारी शक्कर उत्पादक कारखानों द्वारा पछले आठ वर्षों से चले आ रहे पुराने दामों पर किसान गन्ना देने को तैयार नहीं हैं। अधिकांश किसानों ने केवल कारखाने के शेयरधारक बने रहने या शेयरधारिता की मजबूरी के चलते ही सीमित मात्रा में गन्ना आपूर्ति की है। वहीं, विपरीत मौसम परिस्थितियों के कारण इस वर्ष गन्ने का उत्पादन भी अपेक्षाकृत कम रहा है, जिससे पेराई सत्र के समय से पहले समाप्त होने की आशंका जताई जा रही है।

### गन्ना संकट से निपटने के प्रयास

इस चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए जिले के दोनों शक्कर कारखानों द्वारा किसानों को आधुनिक गन्ना खेती की तकनीक समझाने और प्रशिक्षण देने की दिशा में पहल की गई। किसानों के समूह को महाराष्ट्र भेजकर आधुनिक खेती पद्धतियों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। इसके साथ ही पहली बार अधिक उपज और अधिक रिकवरी वाली उच्च गुणवत्ता की गन्ना किस्मों के सैकड़ों टन बीज 10 वीएसआई जैसी प्रामाणिक संस्था से मंगाकर जिले के किसानों को वितरित किए गए। विभिन्न सेमिनार और गोष्ठियों के माध्यम से किसानों को सही बीज के चयन और आधुनिक खेती के महत्व की जानकारी दी गई।

### चार फीट दूरी में बोनी की शुरुआत

इन प्रयासों का असर अब किसानों के बीच दिखाई देने लगा है। वर्तमान बोनी सत्र में किसानों ने चार फीट या उससे अधिक दूरी पर गन्ना लगाना शुरू कर दिया है। शक्कर कारखानों ने जिले के करीब 10 प्रतिशत रकबे को चार फीट श्रेणी में लाने की योजना बनाई है। योजना के तहत अगले वर्ष कारखाने द्वारा किसानों का गन्ना गन्ना हार्वेस्टर से लगभग आधी लागत पर कटवाया जाएगा। इससे किसानों को मजदूरी की समस्या से राहत मिलेगी, लागत घटेगी और समय पर कटाई संभव हो सकेगी। साथ ही कारखानों को भी गन्ने की आपूर्ति बढ़ने की उम्मीद है।

# विद्युत कंपनी ने आमजनों को स्मार्ट मीटर से होने वाले अनेक सुविधाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा शहर में आमजनों को स्मार्ट मीटर की विविध सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए कवर्धा जोन में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के अंतर्गत एक प्रभावी उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को आधुनिक बिजली सेवाओं के लिए प्रेरित करते हुए स्मार्ट मीटर के माध्यम से पारदर्शिता और दक्षता को प्रोत्साहित कर उन्हें अपने मोबाइल के माध्यम से स्मार्ट मीटर में दर्ज खपत को देखने और उनके अनुसार ऊर्जा की बचत करने के तरीके की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, सटीक बिलिंग, रियल-टाइम खपत निगरानी एवं ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

साथ ही उपभोक्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान कर उन्हें बिजली के कुशल उपयोग हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में कवर्धा संभाग के कार्यपालन अभियंता जीएस. फ्लोरा, सहायक अभियंता दीपक लसेर, सुनील कुमार गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित हुए।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में 9 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक देशभर में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीडीएस) के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी विद्युत सेवाएं के साथ-साथ वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति को मजबूती प्रदान करना है। स्मार्ट मीटर पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर के प्रति जागरूकता, विश्वास और स्वीकृति को बढ़ावा देना है।

पखवाड़े के दौरान द्वारा उपभोक्ताओं को प्रीपेड स्मार्ट मीटर के लाभों की जानकारी दी गई। इसमें अग्रिम भुगतान की सुविधा, रीयल-टाइम बैलेंस की जानकारी, बिजली खपत पर बेहतर नियंत्रण, सही एवं पारदर्शी बिलिंग, विवादों में कमी, लो-बैलेंस एवं असामान्य खपत की सूचना, आसान रिचार्ज सुविधा तथा सेवा गुणवत्ता में सुधार शामिल हैं।